**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**11.12.2019 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3858 का उत्तर**

**इरकॉन के विरुद्ध शिकायत**

**3858. श्रीमती केशरी देवी पटेलः**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) गत पांच वर्षों के दौरान कितनी परियोजनाओं पर इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने कार्य किया है और इन परियोजनाओं के नाम और लागत क्या हैं;**

**(ख) क्या उक्त सभी परियोजनाएं विहित समय-सीमा के भीतर पूरी हो चुकी हैं;**

**(ग) यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं के नाम क्या हैं जिनके आंकड़े प्राप्त हुए हैं और परियोजना-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(घ) क्या सरकार को इन कार्यों में इरकॉन के अध्यक्ष द्वारा दर्शाई गई लापरवाही/वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ङ) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई जांच चल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(च) सरकार द्वारा प्राप्त शिकायतों की संख्या क्या है और इस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और**

**(छ) क्या सरकार को जानकारी है कि इरकॉन के अध्यक्ष माननीय संसद सदस्यों के पत्रों और फोन के उत्तर नहीं देते हैं और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)**

**(क) से (छ) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**इरकॉन के विरुद्ध शिकायत के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्रीमती केशरी देवी पटेल के अतारांकित प्रश्न सं. 3858 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ग): इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से एकत्र की गई सूचना के अनुसार, कंपनी ने पिछले पांच वर्षों के दौरान 64 परियोजनाओं पर कार्य किया है। परियोजना का नाम, लागत और अनुमानित लागत का परियोजना-वार विवरण परिशिष्ट के रूप में संलग्न है। परियोजनाओं को परियोजना प्रायोजकों के साथ हस्ताक्षरित अनुबंध समझौतों के अनुसार निष्पादित किया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर, संविदात्मक प्रावधानों के अनुसार समय-सीमा में विस्तार प्रदान किया जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान पूरी की गई 64 परियोजनाओं में से 24 का निष्पादन संविदात्मक प्रावधानों के अंतर्गत किया गया है।**

**(घ) से (च): रेल मंत्रालय के रिकॉर्डों से संकलित की जा सकने वाली जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान, इरकॉन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (विभिन्न समय पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा धारित पद) के विरुद्ध 11 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। सरकार के मौजूदा अनुदेशों के अनुसार, इनमें से पांच शिकायतें अज्ञात/छद्म प्रकृति के रूप में दर्ज की गई हैं। अन्य शिकायतों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की गई है।**

**(छ) रेल मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सभी कार्यालयों को माननीय संसद सदस्यों से संबंधित कार्यों के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने संबंधी अनुदेश समय-समय पर दिए गए हैं। जब कभी शिकायतें प्राप्त होती हैं, मौजूदा प्रक्रिया के तहत उपयुक्त कार्रवाई की जाती है।**

*****

**इरकॉन के विरुद्ध शिकायत के संबंध में दिनांक 11.12.2019 को लोक सभा में श्रीमती केशरी देवी पटेल के अतारांकित प्रश्न सं. 3858 के भाग (क) और (ग) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट ।**

| परियोजनाओं का विवरण - पिछले पाँच वर्ष | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपए करोड़ में) | कार्य पूरा होने की तारीख | परियोजना की स्थिति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 23 मल्टीफ़ंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) का निर्माण | 94 | 30 जून, 2014 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 2 | कालीसिंध थर्मल पावर परियोजना, चरण-I, झालावाड़, राजस्थान के लिए डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, साइट पर आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, रेलवे साइडिंग को चालू करना। (27 किलोमीटर) | 165 | 31 अगस्त, 2014 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 3 | श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में पल्लई से कांकेशंथुराई तक रेलवे लाइन का पुन: निर्माण। | 1010 | 2 जनवरी, 2015 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 4 | श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में मधु रोड से तलाई मन्नार तक रेलवे लाइन की बहाली। | 919 | 14 मार्च, 2015 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 5 | श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में अनुराधापुरा से कंकासंथुराई तक और मेदावाचिया से तलाई मन्नार घाट तक रेलवे लाइन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, सिगनल और दूरसंचार प्रणाली का परीक्षण और शुरू करना। | 572 | 25 अप्रैल, 2015 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 6 | संपर्क परियोजना के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य में ऑन रोड़ दुनेरा- दूरबन-बासोली-भदरवाह पर बासोहली (किलोमीटर 14.74) में रावी नदी के ऊपर 592 मीटर लंबी केबल वाला बड़ा स्थायी पुल। कुल मूल्य 14544.00 और इरकॉन का हिस्सा 50%। | 145 | 31 दिसम्बर, 2015 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 7 | केटीएमबी, मलेशिया को डीजल लोको का | 84 | 31 दिसम्बर, | कार्य पूरा हो |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पट्टा और अनुरक्षण | | 2015 | गया है। |
| 8 | पटना में गंगा नदी के आर-पार रेल-सह-सड़क पुल | 1,545 | 31 जनवरी, 2016 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 9 | ठेका सीटी-4 - डीएमआरसी - बदरपुर से फरीदाबाद और जहांगीरपुरी से बादली तक अज़्रोंदा और दिल्ली की बादली एमआरटीएस परियोजना का चरण- III | 63 | 29 फरवरी, 2016 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 10 | भूटान में पारो के सभी संबद्ध कार्यों सहित मौजूदा 66/33/11 केवी सब-स्टेशन को समाप्त करने के लिए टर्नकी पैकेज और 2x20 एमवीए, 66/33 केवी सब-स्टेशन का डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्तंभन परीक्षण और चालू करना। | 23 | 15 फरवरी, 2017 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 1 1 | कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड का अलुवा से पेट्टा कॉरिडोर के एलिवेटेड खंड में स्टैंडर्ड गेज के गिट्टी रहित ट्रैक का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना। | 162 | 31 मार्च, 2017 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 12 | संपर्क रेल लाइनों (लॉट-ए) बांग्लादेश (जेवी इरकॉन 55%-एएफसीओएनएस 45%) के साथ दूसरा भैरब रेलवे पुल का निर्माण | 285 | 31 अक्टूबर, 2017 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 13 | बंगलादेश के इशुर्दी-दरशाना खंड के बीच 11 स्टेशनों पर टर्नकी आधार पर कंप्यूटर आधारित इंटरलॉकिंग कलर लाइट सिगनलिंग प्रणाली की डिजाइन, सप्लाई, संस्थापन, टेस्टिंग और कमीशनिंग। | 60 | 27 सितंबर 17 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 14 | बिहार के गया जिला में मानपुर बाईपास पर पहले किमी पर अपने वित्तपोषण के जरिए बिहार में राज्य के स्वामित्व वाली रोड पर 1 अदद ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) का निर्माण। | 60 | 31-मार्च-18 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 15 | पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल पर घोलसपुर (बेहाला) में नए इनडोर खेल परिसर का निर्माण। | 56 | 31-मार्च-18 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 16 | स्थलाकृतिक और भू-तकनीकी सर्वेक्षण करना: राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, | 140 | 31-मार्च-18 | कार्य पूरा हो गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मिज़ोरम के लिए मास्टर प्लान, प्लानिंग, डिजाइनिंग और बाउंड्री वॉल का निर्माण और संबद्ध प्रारंभिक कार्य। | | | |
| 17 | आर-एपीडीआरपी पैरेट-बी के तहत सामग्री की आपूर्ति और निर्माण, और एटी एंड सी हानियों को कम करने के लिए वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण और संवर्द्धन, एससीएडीए संगतता को स्थापित करने और मेरठ के उपभोक्ता आपूर्ति में सुधार। | 241 | 31-मार्च-18 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 18 | मध्य प्रदेश राज्य में किमी 236.00 से किमी 332.100 (पैकेज- I) तक शिवपुरी से गुना की चार लाइनों को एनएचडीपी चरण-IV के तहत एफबीएफओटी पैटर्न पर बीओटी (टोल) पर निष्पादित किया जाएगा। | 704 | 7-जून-18 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 19 | राजस्थान राज्य में मौजूदा बीकानेर-फलौदी सेक्शन का किमी 4.200 से किमी 55.250 तक चार-लाइनों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और बीओटी (टोल) आधार पर एनएच-15 के किमी 55.250 से किमी 163.500 तक पेवड शोल्डर के साथ दो-लेन। | 767 | 15-फरवरी-19 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 20 | माजूबा रेल परियोजना, पैकेजपीएस (एमआर)2014/CT/01(R), दक्षिण अफ्रीका के लिए ओवरहेड ट्रैक उपकरण, ट्रैक्शन सब-स्टेशन, सहायक विद्युत आपूर्ति उप-स्टेशन, थोक बिजली आपूर्ति स्विचिंग स्टेशन और सिग्नलिंग सिस्टम की प्लांट डिजाइन की खरीद, आपूर्ति और संस्थापन। | 308 | 31-मार्च-19 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 21 | दिल्ली एमआटीएस परियोजना चरण- III के लिए डीआरआरसी के सीई-6, लॉट-1 के अंतर्गत मौजूदा रिसीविंग सब-स्टेशन के लिए ग्रिप सब-स्टेशन से उच्च वोल्टेज केबलिंग और संवर्धन कार्यों सहित डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं रिसीविंग सह कर्षण को शुरू करना और सहायक मुख्य उप-स्टेशन। | 273 | 31-मार्च-19 | कार्य पूरा हो गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | आरएपीडीआरपी - जम्मू प्रांत के अंतर्गत भाग बी परियोजना (क्लस्टर - I, जम्मू लेफ्ट) | 167 | 30-जून-19 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 23 | आरएपीडीआरपी - जम्मू प्रांत के अंतर्गत भाग बी परियोजना (क्लस्टर - II, जम्मू राइट) | 167 | 30-जून-19 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 24 | आर-एपीडीआरपी भाग बी परियोजना (क्लस्टर- IV) (अखनूर, राजौरी, पुंछ, उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ और भद्रवाह) | 86 | 30-जून-19 | कार्य पूरा हो गया है। |
| 25 | अल्जीयर्स-ओरन लाइन अल्जीरिया के ओयूईडी-एसएलवाई और येलेल के बीच दोहरी रेलपथ लाइन(93किमी) का निष्पादन | 1,814 | 31-दिसंबर-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 26 | बंग्लादेश में बांध, रेलपथ, सभी सिविल कार्य, बड़े और छोटे पुल(रूपशा को छोड़कर) तथा पुलिया का निर्माण और खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन के इएमपी का क्रियान्वयन-पैकेज सं. डब्ल्यूडी 1 | 911 | 29-फरवरी-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 27 | क्रेडिट, रेलपथ पुनर्स्थापन और अनुषंगी कार्यों के भारतीय लाइन के तहत माहो से ओमनथाई तक रेलवे लाइन का अपग्रेडेशन | 637 | 18-जुलाई-22 | कार्य प्रगति पर है |
| 28 | धरम-काजीगुंड खण्ड सहित कटरा-काजीगुंड खण्ड, किमी 33.09 से 39.00 तथा किमी 61.00 से 91.00 | 13359 | 31-06-22 | कार्य पूरा हो गया है तथा चरणों में चालू किया गया हैः चरण-I: अनंतनाग-मजहोम(69किमी) 11.10.2008 को चरण-II मजहोम से बारामूला(32किमी) 14.02.2009 को चरण-III: |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | अनंतनाग-काजीगुंड(18किमी) 28.10.2009 को चरण-IV: बनिहाल-काजीगुंड (17किमी) 26.06.2013 को चालू किया गया है। कार्य प्रगति पर हैं: बासीन्दधार-सांगलानडन-धरम-बनहाल-54.45किमी |
| 29 | रायबरेली में नए सवारीडिब्बा कारखाना स्थापित करना | 2,627 | 30-जून-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 30 | राजस्थान में ऊपरी सड़क पुल (20अदद) का निर्माण | 656 | 31-दिसंबर-19 | कार्य प्रगति पर है |
| 31 | सिवोक-रांगपो नई लाइन परियोजना | 4,085 | 30-जून-21 | कार्य प्रगति पर है |
| 32 | जोगबनी(बिहार)भारत से विराटनगर(नेपाल)के बीच रेल लिंक का निर्माण | 371 | 31-मार्च-22 | कार्य प्रगति पर है |
| 33 | भारत-नेपाल सीमा पर बार्डीबास तक विस्तार के साथ जयनगर-बिजलपुरा(जीसी) के बीच रेल लिंक का निर्माण | 818 | 28-फरवरी-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 34 | बिहार राज्य में ऊपरी सड़क पुल का निर्माण (नए आरओबी-12) | 648 | 31-दिसंबर-19 | कार्य प्रगति पर है |
| 35 | अनिवार्य यात्री सुख-सुविधाओं के प्रावधान द्वारा शालीमार में कोचिंग टर्मिनल का विकास | 341 | 31-दिसंबर-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 36 | संतरागाछी में परिपथन क्षेत्र का विकास और कोना एक्सप्रेस वे तक अनिवार्य यात्री सुख-सुविधाओं और सड़क संपर्क का विकास | 398 | 31-दिसंबर-20 | कार्य प्रगति पर है |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 37 | झारखण्ड में 5 जिलों (गढ़वा, गुमला, रांची, लोहरदग्गा और सिमडेगा) में ग्रामीण सड़कों और पुलों का निर्माण/अपग्रेडेशन पीएमजीएसवाई परियोजना | 607 | 19-फरवरी-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 38 | मध्य रेलवे के दौंड (डीडी) में 200 थ्री फेज़ लोको को रखने के लिए नए इलेक्ट्रिक लोको शेड की स्थापना। | 95 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 39 | दक्षिण पूर्व रेलवे के बोन्डामुंडा (बीएनडीएम) में 200 लोको शेड को रखने के लिए नए इलेक्ट्रिक लोको शेड की स्थापना | 182 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 40 | नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (3x660 मेगावाट) के लिए डीपीआर और विस्तृत इंजीनियरिंग परियोजना प्रबंधन और कोयला परिवहन प्रणाली का निर्माण | 162 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 41 | छत्तीसगढ़ राज्य में खरसिया से धरमजयगढ़ के बीच पूर्वी गलियारे के गलियारे- I का निर्माण। | 2,073 | 30-जून-21 | कार्य प्रगति पर है |
| 42 | छत्तीसगढ़ राज्य में गेवरा रोड से पेंड्रा रोड के बीच पूर्वी पश्चिमी गलियारे के गलियारे - III का निर्माण | 3,649 | 30-जून-23 | कार्य प्रगति पर है |
| 43 | महानदी कोल रेलवे लिमिटेड | 1085 | 31-दिसम्बर-23 | कार्य प्रगति पर है |
| 44 | हाजीपुर - बछवारा दोहरीकरण परियोजना (पूमरे) | 679 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 45 | किउल - गया दोहरीकरण परियोजना (पूमरे) | 1,200 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 46 | कटनी - सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना (पमरे) | 1,763 | 31-मार्च-22 | कार्य प्रगति पर है |
| 47 | गंगा ब्रिज (पूमरे) सहित रामपुर डुमरा - ताल - राजेंद्रपाल दोहरीकरण | 1,491 | 31-मार्च-23 | कार्य प्रगति पर है |
| 48 | अखौरा - अगरतला रेल लिंक: भारतीय हिस्से का निर्माण | 570 | 30-सितम्बर-21 | कार्य प्रगति पर है |
| 49 | मथुरा- कासगंज - कल्याणपुर के लिए रेलवे विद्युतीकरण कार्य। | 433 | 24-फरवरी-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 50 | कटनी - सिंगरौली के लिए रेलवे | 282 | 11-मई -20 | कार्य प्रगति पर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | विद्युतीकरण कार्य | | | है |
| 51 | आरएलडीए के कार्यालय के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के ऊपर नभ क्षेत्र सहित स्टेशन के आस-पास की भूमि की व्यावसायिक क्षमता का लाभ उठाकर सफदरजंग रेलवे स्टेशन का पुन: विकास। | 262 | 31-जनवरी-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 52 | कटनी ग्रेड सेपरेटर बाई पास | 1,248 | 30-सितम्बर-22 | कार्य प्रगति पर है |
| 53 | विशाखापत्तनम (डीजल लोको शेड) में 100 एचएचपी लोकोमोटिव को रखने के लिए शेड का विस्तार | 64 | 31-मार्च-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 54 | छत्तीसगढ़ पूर्व रेलवे लिमिटेड (सीईआरएल-II) के धरमजयगढ़ से कोरबा (उरगा) के बीच नई बड़ी आमान विद्युतीकृत रेल लाइन का निर्माण | 1,124 | 31-दिसंबर -22 | कार्य प्रगति पर है |
| 55 | बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल) | 2,539 | 31-मार्च-23 | कार्य प्रगति पर है |
| 56 | झारखंड कोल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) | 1,148 | 31-दिसंबर-22 | कार्य प्रगति पर है |
| 57 | दरलीपाली सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-I (2x800 मेगावाट) के लिए संबद्ध इलेक्ट्रिकल पैकेज को शामिल करते हुए डीपीआर और विस्तृत इंजीनियरिंग परियोजना प्रबंधन और कोयला परिवहन प्रणाली का निर्माण। | 36 | 31 दिसम्बर -19 | कार्य प्रगति पर है |
| 58 | पश्चिमी समर्पित माल यातायात गलियारे के वैतरणा-वडोदरा खंड के लिए डिज़ाइन-निर्मित एकमुश्त मूल्य आधार पर दोहरी लाइन के लिए सिविल, इमारत और रेलपथ संबंधी कार्यों की डिज़ाइन और निर्माण। अनुबंध पैकेज सीटीपी-12: वैतरणा - सचिन खंड। | 2,171 | 22-अगस्त-20 | कार्य प्रगति पर है |
| 59 | छत्तीसगढ़ राज्य के जगदलपुर के पास नागरनार में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) पैकेज संख्या 1 द्वारा वस्तु दर के आधार पर प्रस्तावित | 283 | 30-जून-20 | प्रगति पर है |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए निजी रेलवे साइडिंग के निर्माण के संबंध में सिविल और रेलवे से संबद्ध कार्य। | | | |
| 60 | नागरनार, छत्तीसगढ़ ( पैकेज- II) में प्रस्तावित 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए रेलवे साइडिंग के निर्माण के संबंध में सिविल, सिग्नलिंग एंड दूरसंचार, मेकैनिकल और संरचनात्मक कार्यों का निष्पादन। | 79 | 30-जून-20 | प्रगति पर है |
| 61 | नागरनार, छत्तीसगढ़ (पैकेज सं. IV) पर प्रस्तावित 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए रेलवे साइडिंग के निर्माण के संबंध में नए ब्लॉक स्टेशन, स्टाफ क्वार्टर और संबद्ध रेलपथ और एस एंड टी निर्माण कार्य। | 84 | 30-जून-20 | प्रगति पर है |
| 62 | एनएचडीपी चरण-V ईपीसी लागत के अंतर्गत डीबीओटी एनुइटि पर हाइब्रिड एनुइटि परियोजना पर कर्नाटक राज्य में दावनगेरे- हावेरी एनएच-48 (किमी 260+000 से किमी 338+923) पर छह लेन बनाने का कार्य किया जाना है | 1,027 | 24-जुलाई-20 | प्रगति पर है |
| 63 | नागरनार में 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए रेल पथ (संयंत्र में) पैकेज संख्या 50)। | 53 | 31-मार्च-20 | प्रगति पर है |
| 64 | एनएचडीपी चरण-VI (चरण Iए-पैकेज II) के अंतर्गत गुजरात राज्य में कि.मी. 323.000 से 355.000 तक (वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सांपा से पाड्रा खंड) वडोदरा केआईएम एक्सप्रेस-वे पर आठ लेन का कार्य। | 1,543 | 30-जनवरी21 | प्रगति पर है |

****